रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 471] नई दिल्ली, बुधवार, जुलाई 19, 2000/आषाढ़ 28, 1922

No. 471] NEW DELHI, WEDNESDAY, JULY 19, 2000/ASADHA 28, 1922

पर्यावरण और वन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 19 जुलाई, 2000

का. आ. 670 (अ).—ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ (विनियमन) नियम, 2000 का प्रारूप भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का. आ. 69(अ), तारीख 25 जनवरी, 2000 के अधीन भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खंड 3, उपखंड (iii) तारीख 25 जनवरी, 2000 में पृष्ठ 1—38 पर, ऐसे सभी व्यक्तियों से, जिनके उनसे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उक्त अधिसूचना से युक्त राजपत्र की प्रतियां जनता को उपलब्ध करा दी जाती हैं, पैंतालिस दिन की अवधि की समाप्ति से पूर्व आक्षेप और सुझाव आमंत्रित करते हुए प्रकाशित किया गया था।

और उक्त राजपत्र की प्रतियां तारीख 26-01-2000 को जनता को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और केन्द्रीय सरकार ने जनता से उक्त प्रारूप नियमों की बाबत प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर सम्यक् रूप से विचार कर लिया है;

अतः अब केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 6, 8 और 25 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के विनियमन के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं.**—इन नियमों में जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) अभिप्रेत है;

(ख) "प्राधिकारी" से, अनुसूची 5 के स्तम्भ (4) और स्तम्भ (6) में वर्णित कोई प्राधिकारी अभिप्रेत है;

(ग) "आधार स्तर" से ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ की वह मात्रा अभिप्रेत है जिसका अनुसूची 2 के स्तम्भ (3) और अनुसूची 3 में सूचीबद्ध वर्ष या वर्षों के औसत में, यथास्थिति, उत्पादन या उपभोग किया गया है;

(घ) "उपभोग" से किसी ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ की बाबत उक्त पदार्थ की वह मात्रा अभिप्रेत है जो आयात की गई मात्रा के अलावा और भारत में उत्पादित उसमें से निर्यात की गई मात्रा घटाकर निकाली गई हो;

(ङ) यथास्थिति, "उत्पादन, विक्रय, आयात या निर्यात के परिकलित स्तर" से ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ की मात्रा का अनुसूची 1 के स्तम्भ (5) में विनिर्दिष्ट उसके ओजोन अवक्षयकारी मात्रा के गुणज से अवधारित स्तर अभिप्रेत है;

(च) "उपभोग का परिकलित स्तर" उत्पादन और आयात के परिकलित स्तरों को आपस में जोड़कर और निर्यात के परिकलित स्तर को उसमें से घटाकर अवधारित किया जाएगा;

(छ) "समूह" से अनुसूची 1 के स्तम्भ (4) मे यथाविनिर्दिष्ट एक या अधिक ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ का संग्रहण अभिप्रेत है;

(ज) किसी ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ के संबंध में "विनिर्माण" के अन्तर्गत—

(i) विक्रय, वितरण या उपयोग करने की दृष्टि से किसी ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ के बनाने, उसमें परिवर्तन करने, परिशोधित करने, पैक करने, लेबल लगाने, सम्मिश्रित करने या अन्यथा उपचारित करने या ग्रहण करने या कोई ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ जो विक्रय, वितरण या उपयोग के लिए है, की कोई प्रक्रिया या प्रक्रिया का भाग आता है किन्तु इसके अन्तर्गत फुटकर कारबार के सामान्य अनुक्रम में किसी ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ को पुनः पैक करना या खंडित करना नहीं आता है; और

(ii) कोई ऐसी प्रक्रिया है जिसमें ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ से युक्त निर्मिति का सूत्रीकरण किया जाता है।

(झ) "ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ" से अनुसूची 1 के स्तम्भ 2 में विनिर्दिष्ट ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ अभिप्रेत है, चाहे वह स्वयं अस्तित्व में हो या किसी मिश्रण में हो, किन्तु इसमें ऐसा कोई पदार्थ या मिश्रण (सम्मिश्रण) सम्मिलित नहीं है जो ऐसे पदार्थ के परिवहन या भंडारण के लिए प्रयुक्त आधान से भिन्न विनिर्मित उत्पाद में है;

(ञ) "पक्षकारों" से जब तक विषय में अन्यथा उपबंधित न हो, इस प्रोटोकाल के पक्षकार अभिप्रेत हैं;

(ट) "लदानपूर्व उपयोजन" वे व्यवहार हैं, जिनका प्रत्यक्षतः निर्यात के संबंध में और उससे पूर्व उपयोजन, आयातक देश के फाइटो सैनेटरी या सैनेटरी अपेक्षाओं या निर्यातक देश की विद्यमान फाइटो सैनेटरी या सैनेटरी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए किया जाता है;

(ठ) किसी ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ के संबंध में उत्पादन से किसी कच्ची सामग्री या फीड स्टाक रसायनों से किसी ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ का विनिर्माण अभिप्रेत है किन्तु इसके अन्तर्गत निम्नलिखित नहीं है :—

(i) किसी ऐसे पदार्थ का विनिर्माण, जिसका उपभोग और संपूर्ण खपत (सूक्ष्म मात्रा के सिवाय) अन्य रसायनों के विनिर्माण में की जाती है; या

(ii) वे मात्राएं, जिनका उत्पादन अन्य रासायनिक पदार्थों के विनिर्माण में आनुषंगिक रूप से किया जाता है; या

(iii) मात्राएं, जिनका पुनः चक्रण या पुनः उपयोग किया जाता है; या

(iv) मात्राएं, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट की जाने वाली प्रौद्योगिकियों द्वारा नष्ट कर दी जाती हैं।

(ड) "प्रोटोकाल" से ऐसे पदार्थों पर, जो ओजोन परत का अवक्षयण करते हैं, 16 सितम्बर, 1987 को अंगीकृत मोन्ट्रीयल प्रोटोकाल अभिप्रेत है;

(ढ) अनुसूची 1 के समूह 8 के ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ की बाबत "करन्तीन उपयोजन" वे व्यवहार हैं, जो करन्तीन नाशकजीवों के (जिसमें रोग भी हैं) प्रवेश, स्थापना और/या फैलने का निवारण करने अथवा केन्द्रीय सरकार द्वारा यथाविनिर्दिष्ट उनका नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए हैं;

(ण) "बरामद करना" से सर्विसिंग के दौरान या व्ययन से पूर्व मशीनरी, उपस्कर या संरोधित जलयान से ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों का संग्रहण और भंडारण अभिप्रेत है;

(त) "उपयोगी बनाने" से बरामद किए गए ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ का, किसी विनिर्दिष्ट निष्पादन स्तर तक प्रत्यावर्तित करने के लिए ऐसी रीति जैसे फिल्टर करने, सुखाने, आसवन करने और/या रासायनिक अभिक्रिया द्वारा पुनः प्रसंस्करण और उन्नत करना अभिप्रेत है।

(2) "अनुसूची" से इस नियमों से उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है।

3. ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के उत्पादन और उपभोग का विनियमन

(1) कोई व्यक्ति, अनुसूची 5 के स्तम्भ (5) में विनिर्दिष्ट तारीख के पश्चात् किसी ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ का उत्पादन तब तक नहीं करेगा या कराएगा जब तक कि वह उक्त अनुसूची के स्तम्भ 4 में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के पास रजिस्ट्रीकृत न हो :

परन्तु अनुसूची 2 के स्तम्भ (6) में विनिर्दिष्ट तारीख को प्रारम्भ होने वाली बारह माह की अवधि के लिए और उसके पश्चात् प्रत्येक बारह माह की अवधि मे कोई व्यक्ति उक्त अनुसूची के स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट उत्पादन के उसके परिकलित आधार स्तर के तत्सम प्रतिशत से अधिक ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ के किसी समूह का उत्पादन नही करेगा या उत्पादन नहीं कराएगा :

परन्तु यह और कि भारत में ऐसे पदार्थों के उपभोग का परिकलित स्तर, आधार वर्षों में उपभोग के परिकलित स्तर के प्रतिशत के रूप में अनुसूची 2 के स्तम्भ (5) में विनिर्दिष्ट संख्या से अधिक नहीं होगा।

(2) कोई व्यक्ति 1 जनवरी, 2000 से 1 जनवरी, 2010 तक की अवधि के दौरान अनुसूची 1 के स्तम्भ (4) में समूह I और समूह III के रूप में विनिर्दिष्ट ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों का अनुसूची 3 के स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट मात्रा से अधिक उत्पादन नहीं करेगा या उत्पादन नहीं कराएगा।

आधार वर्ष में उपभोग के परिकलित स्तर के रूप में भारत में ऐसे पदार्थों के उपभोग का परिकलित स्तर अनुसूची के स्तम्भ (5) में विनिर्दिष्ट संख्या से अधिक नहीं होगा :

(3) कोई व्यक्ति जिसने प्रोटोकाल के, जिसकी केन्द्रीय सरकार, अनुसूची 1 के स्तम्भ (4) में समूह I और समूह III के रूप में विनिर्दिष्ट ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के उत्पादन में आनुक्रमिक कमी करने के लिए पक्षकार है, अनुच्छेद 10 और 10क के अनुसरण में बहुपक्षीय निधि से वित्तीय सहायता ली है, 1 जनवरी, 2000 से 1 जनवरी, 2010 तक प्रत्येक वर्ष, बहुपक्षीय निधि की कार्यपालक समिति द्वारा अनुमोदित करार के अनुसार, अनुसूची 1 के स्तम्भ (4) में समूह I और III के रूप में विनिर्दिष्ट ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के उत्पादन को, अनुसूची 3 के स्तम्भ (6) में दिए गए विनिर्दिष्ट प्रत्येक वर्ष के लिए स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट मात्राओं तक सीमित करेंगे। उपनियम (3) में निर्दिष्ट करार के कार्यान्वयन के लिए केन्द्रीय सरकार सीएफसी के उत्पादन के लिए कोटा प्रणाली जैसी कार्यान्वयन रूपरेखा प्रस्तुत करेगा। ऐसी रूपरेखा के अननुपालन का परिणाम, करार में अधिकथित पारिणामिक शास्तियां होगा।

4. ऐसे देशों को निर्यात या उनसे आयात का प्रतिषेध जो अनुसूची 6 में विनिर्दिष्ट नहीं है।

कोई व्यक्ति, इन नियमों के प्रारम्भ के पश्चात् किसी ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ का, ऐसे देशों से, न तो आयात करेगा और न आयात कराएगा और न तो निर्यात करेगा, और न निर्यात कराएगा, जो अनुसूची 6 में विनिर्दिष्ट नही है।

5. ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ का अनुसूची 6 में विनिर्दिष्ट देशों को निर्यात या उनसे आयात केवल अनुज्ञप्ति के अधीन ही किया जाएगा

(1) कोई व्यक्ति अनुसूची 6 में विनिर्दिष्ट किसी देश से किसी ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ का तब तक न तो आयात करेगा और न आयात कराएगा अथवा न तो निर्यात करेगा और न तो निर्यात कराएगा जब तक कि वह प्राधिकारी द्वारा जारी की गई अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं कर लेता है।

(2) उपनियम I(1) के अधीन कोई अनुज्ञप्ति तब तक जारी नहीं की जाएगी जब तक कि उक्त प्राधिकारी का यह समाधान नहीं हो जाता है कि अनुज्ञप्ति के मंजूर किए जाने से सुसंगत बारह माह की अवधि में ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के उस समूह के (अनुसूची 1 के स्तम्भ (4) में दिए गए समूह I और समूह III से भिन्न) उपभोग का परिकलित स्तर, आधार वर्षों में तत्समय परिकलित उपभोग के प्रतिशत के रूप में अनुसूची 2 I के स्तम्भ (5) में विनिर्दिष्ट संख्या से अधिक नहीं होगा।

(3) उप नियम I (1) के अधीन कोई अनुज्ञप्ति जब तक जारी नहीं की जाएगी जब तक कि उक्त प्राधिकारी का यह समाधान नहीं हो जाता कि अनुज्ञप्ति के मंजूर किए जाने से अनुसूची 3 के स्तम्भ (6) में विनिर्दिष्ट सुसंगत बारह मास की अवधि में अनुसूची I के स्तम्भ (4) में समूह I और समूह III में विहित ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के उपभोग का परिकलित स्तर,आधार वर्षों में परिकलित उपभोग के प्रतिशत के रूप में उक्त अनुसूची के स्तम्भ (5) में विनिर्दिष्ट संख्या से अधिक नहीं होगा।

(4) ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के प्रत्येक समूह के लिए सम्पूर्ण भारत के लिए उपभोग का परिकलित आधार-स्तर और उत्पादन का परिकलित आधार-स्तर केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाएगा।

6. ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के विक्रय का विनियमन

(1) कोई व्यक्ति, स्वयं या उसके निमित किसी व्यक्ति द्वारा या कोई उद्यम अनुसूची 5 के स्तम्भ (5) में विनिर्दिष्ट तारीख के पश्चात् किसी ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ का विक्रय स्टाक या विक्रय के लिए प्रदर्शन या वितरण तब तक नहीं करेगा जब तक कि वह उक्त अनुसूची के स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के पास रजिस्ट्रीकृत न हो :

परन्तु कोई व्यक्ति या कोई उद्यम, अनुसूची 4 के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट क्रियाकलापों के लिए उक्त अनुसूची I के स्तम्भ 3 में विनिर्दिष्ट ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ का विक्रय तब तक नहीं करेगा जब तक कि उक्त क्रियाकलाप में लगे हुए व्यक्ति ने स्वयं को प्राधिकारी के पास रजिस्ट्रीकृत न करा लिया हो और इन नियमों के अनुसार घोषणा न दे दी हो तथा ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों का विक्रय करने वाले व्यक्ति ने घोषणा में दी गई रजिस्ट्रीकरण की विशिष्टियों का रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र के साथ, अनुसूची 12 के भाग 2 में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार सत्यापन न कर लिया हो :

परन्तु यह और कि अनुसूची 4 के स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट तारीख के पश्चात् कोई व्यक्ति या कोई उद्यम, स्तम्भ 3 में विनिर्दिष्ट अवक्षयकारी पदार्थों का उक्त अनुसूची के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट क्रियाकलापों के लिए विक्रय, स्टाक, वितरण या प्रदर्शन नहीं करेगा और न ही विक्रय, स्टाक, वितरण या प्रदर्शन कराएगा।

(2) कोई व्यक्ति, स्वयं या उसके निमित्त किसी व्यक्ति द्वारा या कोई उद्यम किसी ऐसे व्यक्ति या उद्यम को, जिसने केन्द्रीय सरकार को यह जानकारी दी है कि वह या ऐसा उद्यम विनिर्माण में या अन्य क्रियाकलापों में विनिर्दिष्ट ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों का, यथास्थिति, ऐसे व्यक्ति या उद्यम द्वारा विनिर्दिष्ट तारीख के पश्चात उपयोग नहीं करेगा, किसी ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ का विक्रय, स्टाक या विक्रय के लिए प्रदर्शन या वितरण नहीं करेगा।

(3) केन्द्रीय सरकार उन व्यक्तियों, ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों और ऐसी तारीखों की, जिनकी जानकारी उसे उपनियम I (2) के अधीन दी गई है, सूची अधिसूचित करेगी।

7. ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के क्रय का विनियमन

कोई व्यक्ति, स्वयं या उसके निमित्त किसी व्यक्ति द्वारा या कोई उद्यम, अनुसूची 4 के स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों का उक्त अनुसूची के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट क्रियाकलापों के लिए ऐसे ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों का स्टाक करने के लिए या उपयोग करने के लिए किसी व्यक्ति से तब तक क्रय नहीं करेगा जब तक कि उसने अनुसूची 5 के स्तम्भ (5) के क्रम संख्यांक 4 में विनिर्दिष्ट समयावधि के भीतर ऐसे पदार्थों के विक्रेता को अनुसूची 12 के भाग 1 में विनिर्दिष्ट घोषणा न दे दी हो:

8. ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ के उपयोग का विनियमन

(1) कोई व्यक्ति या उद्यम, अनुसूची 4 के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट ऐसे किसी क्रियाकलाप में जिसमें उक्त अनुसूची के स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों का उपयोग होता है, अनुसूची 5 के स्तम्भ (5) में विनिर्दिष्ट तारीख के पश्चात् तब तक नहीं लगेगा जब तक कि वह उस अनुसूची के स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के पास रजिस्ट्रीकृत नहीं हो जाता है।

(2) कोई व्यक्ति, अनुसूची 5 के स्तम्भ (5) में विनिर्दिष्ट तारीख के पश्चात् अनुसूची 4 के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट किसी ऐसे क्रियाकलाप को, जिसमें उस अनुसूची के स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों का उपयोग होता है, तब तक नहीं करेगा जब तक उत्पादों पर उनमें अन्तर्विष्ट ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ उपदर्शित करने वाला लेबल न लगा हो।

(3) कोई व्यक्ति, अनुसूची 4 के स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट तारीख के पश्चात्, उस अनुसूची के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट ऐसी किसी क्रियाकलाप को नहीं करेगा जिसमें स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ का उपयोग होता है।

(4) कोई व्यक्ति, अनुसूची 4 के स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट तारीख के पश्चात् उक्त अनुसूची के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट किसी क्रियाकलाप को, स्तम्भ (3) में वर्णित ओ.अ.प. के उपयोग को अनुपस्थिति उपदर्शित करने वाले लेबल का उपयोग किए बिना नहीं करेगा।

(5) ऐसा व्यक्ति, जिसने ओजोन परत का अवक्षयण करने वाले पदार्थों पर मान्ट्रीयल प्रौटोकाल के, जिसकी केन्द्रीय सरकार, अनुसूची 4 के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट क्रियाकलापों में उपयोग किए जाने वाले, अनुसूची 2 के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों को समाप्त करने के लिए, पक्षकार है, अनुच्छेद 10 और 10क के अनुसरण में बहुपक्षीय निधि से वित्तीय और तकनीकी सहायता ली है, स्वयं या उनकी ओर से किसी व्यक्ति द्वारा या किसी उद्यम द्वारा संपरिवर्तन कार्य के पूरा होने की तारीख के या ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ तकनीकी से ओजोन गैर अवक्षयकारी पदार्थ तकनीक में परिवर्तन

को सौंपने के प्रोटोकाल पर हस्ताक्षर करने की तारीख के पश्चात् अनुसूची 4 के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट ऐसा कोई क्रियाकलाप नहीं करेगा जिसमें अनुसूची के स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों का उपयोग होता है और उक्त तारीख को अनुसूची 5 के स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के पास रजिस्टर की जाएगी।

(6) ऐसा व्यक्ति या कोई उद्यम, जिसने ओजोन परत का अवक्षयण करने वाले पदार्थों पर मान्ट्रीयल प्रोटोकाल के अनुच्छेद 10 और 10क के अनुसार बहुपक्षीय निधि से वित्तीय सहायता प्राप्त की है, अनुसूची 5 के स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी को एक शपथपत्र/घोषणा प्रस्तुत करेगा जिसमें यह कथन होगा कि ओ. डी. एस. तकनीक से गैर ओ डी एस तकनीक में संपरिवर्तन की प्रक्रिया पूरी होने के परिणामस्वरूप प्रतिस्थापित उपस्कर को नष्ट कर लिया है, खोल दिया है, अनुपयोगी बना दिया गया है और यह कि परियोजना के पूरा होने की तारीख के पश्चात् किसी सी एफ सी का उपयोग नहीं किया जाएगा और उक्त तारीख अनुसूची 5 के स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के पास रजिस्टर की जाएगी।

9. ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों में नए विनिधानों का प्रतिशोध—

(1) कोई व्यक्ति, अनुसूची 2 के स्तम्भ (7) और अनुसूची 3 में विनिर्दिष्ट तारीख के पश्चात्, किसी ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ के उत्पादन के लिए विनिर्माण की सुविधा की स्थापना या विस्तार नहीं करेगा अथवा स्थापना या विस्तार नहीं कराएगा।

(2) कोई व्यक्ति, अनुसूची 2 के स्तम्भ (8) और अनुसूची 3 में विनिर्दिष्ट तारीख के पश्चात्, ऐसे उत्पादों के विनिर्माण करने की दृष्टि से, जिसमें कोई ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ अन्तर्विष्ट है या वह उससे बना है, विनिर्माण की सुविधा की स्थापना या विस्तार नहीं करेगा अथवा स्थापना या विस्तार नहीं कराएगा।

(3) ऐसा व्यक्ति, जिसने ओजोन परत का अवक्षयण करने वाले पदार्थों पर मान्ट्रीयल प्रोटोकाल के, जिसकी केन्द्रीय सरकार, अनुसूची 3 के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट ऐसे ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों को, जिनका अनुसूची 2 के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट क्रियाकलापों में उपयोग होता है, समाप्त करने के लिए, पक्षकार है, अनुच्छेद 10 और 10क के अनुसार बहुपक्षीय निधि से वित्तीय और तकनीकी सहायता ली है, संपरिवर्तन के लिए परियोजना के अनुमोदन के और ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ तकनीकी से गैर ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ तकनीकी में संपरिवर्तन कार्य पूरा होने की तारीख के पश्चात् किसी ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ के उत्पादन के लिए या ऐसे उत्पादों के, जो किसी ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों से युक्त हैं अथवा उससे बनाए जाते हैं, विनिर्माण की दृष्टि से किसी विनिर्माण सुविधा की स्थापना या विस्तार नहीं करेगा अथवा उनकी स्थापना या विस्तार नहीं कराएगा।

10. ऐसे उत्पादों के आयात, निर्यात और विक्रय का विनियम जो ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों से बने हैं या जिसमें वह अन्तर्विष्ट है—

(1) कोई व्यक्ति, अनुसूची 7 के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट ऐसे किसी उत्पाद का आयात, जो स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों से बने हैं या जिसमें वह अन्तर्विष्ट हैं उक्त अनुसूची के स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट तारीख के पश्चात् तब तक नहीं करेगा या नहीं कराएगा जब तक वह प्राधिकारी द्वारा जारी अनुज्ञप्ति अभिप्राप्त नहीं कर लेता :

परन्तु ऐसे उत्पादों पर, जिनमें ऐसे ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ अन्तर्विष्ट नहीं हैं, अनुसूची 7 के स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट तारीख के पश्चात् उसका आयात अनुज्ञात किए जाने से पहले इस प्रभाव का लेबल लगा होगा।

(2) कोई व्यक्ति या उद्यम, अनुसूची 7 के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट किसी उत्पाद का निर्यात, उस अनुसूची के स्तम्भ (5) में विनिर्दिष्ट तारीख के पश्चात् तब तक नही करेगा या कराएगा, जब तक ऐसे उत्पाद पर यह विनिर्दिष्ट करते हुए लेबल न लगा हो कि उत्पाद, उस अनुसूची के स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों से, यथास्थिति, बनाया गया है अथवा नहीं या जिसमें वह अन्तर्विष्ट है या नहीं है।

(3) कोई व्यक्ति, स्वयं या उसके निमित किसी अन्य व्यक्ति या उद्यम द्वारा, अनुसूची 4 के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट ऐसे क्रियाकलापों के पारिणामिक किसी उत्पाद का या सेवाओं की व्यवस्था का, जिसमें स्तम्भ (3) में विनिर्दिष्ट ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों का उपयोग किया जाता है, उस अनुसूची के स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट तारीख के पश्चात् विक्रय, स्टाक या विक्रय के लिए प्रदर्शन या वितरण नहीं करेगा।

11. ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के उपयोगी बनाने और नष्ट करने का विनियमन—

(1) कोई व्यक्ति, अनुसूची 5 के स्तम्भ (5) में विनिर्दिष्ट तारीख के पश्चात् किसी ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ को तब तक उपयोगी नहीं बनाएगा या उपयोगी नहीं बनाने देगा जब तक कि वह उस अनुसूची के स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के पास रजिस्ट्रीकृत न हो।

(2) कोई व्यक्ति अनुसूची 5 के स्तम्भ (5) में विनिर्दिष्ट तारीख के पश्चात् किसी ओजोन अवक्षयकारी को तब तक नष्ट नहीं करेगा या नष्ट नहीं कराएगा जब तक कि वह उस अनुसूची के स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के पास रजिस्ट्रीकृत न हो।

12. संपीड़ित्रों के विनिर्माण, आयात और निर्यात का विनियमन:—

(1) कोई व्यक्ति, अनुसूची 5 के स्तम्भ (5) में विनिर्दिष्ट तारीख के पश्चात् संपीड़ित्रों का विनिर्माण, आयात या निर्यात तब तक नहीं करेगा जब तक कि वह उस अनुसूची के स्तम्भ (4) में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के पास रजिस्ट्रीकृत न हो।

13. रजिस्ट्रीकरण, रजिस्ट्रीकरण का रद्दकरण और ऐसे आदेशों के विरुद्ध अपील के लिए प्रक्रिया—

(1) इन नियमों के विभिन्न उपबन्धों के अधीन रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रक्रिया और रजिस्ट्रीकरण की शर्तें वे होंगी, जो अनुसूची 9 में विनिर्दिष्ट की जाएं।

(2) रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी, यह समाधान नहीं होने पर कि रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रक्रिया या रजिस्ट्रीकरण की शर्तों का पालन नहीं किया गया है, रजिस्टर नहीं करेगा।

(3) रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी, रजिस्ट्रीकरण को रद्द कर देगा यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि रजिस्ट्रीकरण की किसी शर्त (शर्तों) का अतिक्रमण किया गया है।

(4) रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी, उपनियम (2) और उपनियम (3) के अधीन आदेश पारित करने के पूर्व संबंधित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देगा और आदेश लिखित रूप में होंगे।

(5) रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी के आदेश के विरुद्ध कोई अपील अनुसूची 5 के स्तम्भ (6) में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी के पास ऐसे आदेश के संसूचित किए जाने के तीस दिन के भीतर होगी।

(6) रजिस्ट्रीकरण, अनुसूची 9 में विनिर्दिष्ट अवधि के लिए विधिमान्य होगा और उसका नवीकरण आवश्यक होगा।

(7) रजिस्ट्रीकरण के नवीकरण के लिए प्रक्रिया और उसकी शर्तें वही होंगी जो रजिस्ट्रीकरण के लिए लागू हैं।

14. मानीटर करने और रिपोर्ट करने की अपेक्षाएं—

(1) प्रत्येक व्यक्ति, जो किसी ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ का उत्पादन आयात, निर्यात या विक्रय करता है, अनुसूची 10 के भाग 1 में विनिर्दिष्ट रीति से अभिलेख रखेगा और रिपोर्ट फाइल करेगा।

(2) प्रत्येक व्यक्ति, जो अनुसूची 4 के स्तम्भ (2) में विनिर्दिष्ट क्रियाकलापों में उपयोग के लिए किसी ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ का स्टाक करता है या उसका क्रय करता है, अनुसूची 10 के भाग 2 में विनिर्दिष्ट रीति से अभिलेख रखेगा और रिपोर्ट फाइल करेगा।

(3) प्रत्येक व्यक्ति, जिसने किसी अन्तर्राष्ट्रीय संगठन से तकनीकी या वित्तीय सहायता या कोई वित्तीय सहायता प्राप्त की हो जिसमें केन्द्रीय सरकार से कोई रियायत या शुल्कों के संदाय से छूट सम्मिलित हैं, अनुसूची 10 के भाग 3 में विनिर्दिष्ट रीति से अभिलेख रखेगा और रिपोर्टें फाइल करेगा। ऐसे व्यक्तियों की सूची केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित की जाएगी।

(4) प्रत्येक व्यक्ति, जिसके पास किसी ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ के उपयोगी बनाने की सुविधा है, अनुसूची 10 के भाग 4 में विनिर्दिष्ट रीति से अभिलेख रखेगा और रिपोर्ट फाइल करेगा।

(5) प्रत्येक व्यक्ति, जिसके पास किसी ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ को नष्ट करने की सुविधा है, अनुसूची 10 के भाग 5 में विनिर्दिष्ट रीति में अभिलेख रखेगा और रिपोर्ट फाइल करेगा।

(6) प्रत्येक व्यक्ति, जो संपीड़ित्रों का विनिर्माण, आयात, निर्यात या विक्रय करता है, अनुसूची 10 के भाग 6 में विनिर्दिष्ट रीति में अभिलेख रखेगा और रिपोर्ट फाइल करेगा।

(7) उपरोक्त उपनियमों के अनुसार बनाए जा रहे अभिलेख अनुसूची 10 के भाग 7 में विनिर्दिष्ट रूप से निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे।

15. छूट—

इन नियमों की कोई बात अनुसूची 8 में विनिर्दिष्ट उपयोजनों या परिस्थितियों को लागू नहीं होगी।

अनुसूची-I

[नियम 2 (इ.),(ढ), 3(2), (3) और 5(3) देखिए]

ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों की सूची

क्रम सं.	ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ का नाम	ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ का रासायनिक सम्मिश्रण	समूह	ओजोन अवक्षयकारी विभव
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	सी.एफ.सी.—11	ट्राइक्लोरोफ्लोरोमेथैन (CCl_3F)	I	1.0
2.	सी.एफ.सी.—12	डाइक्लोरोडाइफ्लोरोमेथैन (CCl_2F_2)	I	1.0
3.	सी.एफ.सी.—113	ट्राइक्लोरोट्राइफ्लोरोएथेन ($C_2Cl_3F_3$)	I	0.8
4.	सी.एफ.सी.—114	डाइक्लोरो टैट्राफ्लोरोथेन ($C_2Cl_2F_4$)	I	1.0
5.	सी.एफ.सी.—115	क्लोरोपेन्टाक्लोरोएथेन (C_2ClF_5)	I	0.6
6.	हैलोन—1211	बरोमोक्लोरोडाइफ्लतरोमेथैन (CF_2BrCl)	II	3.0
7.	हैलोन—1301	बरोमोट्राइफ्लोरोमेथैन (CF_3Br)	II	10.0
8.	हैलोन—2402	डाइबरमोटैट्राफ्लोरोमेथैन ($C_2F_4Br_2$)	II	6.0
9.	सी.एफ.सी.—13	क्लोरोट्राइफ्लतरोमेथैन ($CClF_3$)	III	1.0
10.	सी.एफ.सी.—111	पेन्टाक्लिोरोफ्रतरोएथेन (C_2Cl_5F)	III	1.0
11.	सी.एफ.सी.—112	टैट्राक्लोरोडाइफ्लोरोमेथैन ($C_2Cl_4F_2$)	III	1.0
12.	सी.एफ.सी.—211	हैपराक्लोरोफ्लोरोप्रोपेन (C_3Cl_7F)	III	1.0
13.	सी.एफ.सी.—212	हैक्साक्लोरोडाइफ्लोरोप्रोपेन ($C_3Cl_6F_2$)	III	1.0
14.	सी.एफ.सी.—213	पेन्टाक्लोरोट्राफ्लतलोरोप्रोपेन ($C_3Cl_5F_3$)	III	1.0
15.	सी.एफ.सी.—214	टैट्राक्लोरोटैट्राफ्लोरोप्रोपेन ($C_3Cl_4F_4$)	III	1.0

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
16.	सी.एफ.सी.—215	ट्राइक्लोरोपेन्टाफ्लोरोप्रोपेन ($C_3F_5Cl_3$)	III	1.0
17.	सी.एफ.सी.—216	डाइक्लोरोहैक्साफ्लोरोप्रोपेन ($C_3F_6Cl_2$)	III	1.0
18.	सी.एफ.सी.—217	क्लोरोहैप्टाफ्लोरोप्रोपेन (C_3F_7Cl)	III	1.0
19.	कार्बन टैट्राक्लोराइड	टैट्राक्लोरोपेथैन (CCl_4)	IV	1.1
20.	मेथिल क्लोरोफार्म	1, 1, 1—ट्राइक्लोरोएथेन (CH_3CCl_3)	V	0.1
21.	एच.सी.एफ.सी.—21	डाइक्लोरोफ्लोरोमेथैन ($CHCl_2F$)	VI	0.04
22.	एच.सी.एफ.सी.—22	क्लोरोडाइफ्लोरोमेथैन ($CHClF_2$)	VI	0.055
23.	एच.सी.एफ.सी.—31	क्लोरोफ्लोरोमेथैन (CH_2ClF)	VI	0.02
24.	एच.सी.एफ.सी.—121	टैट्राक्लोरोफ्लोरोमेथैन (C_2HCl_4F)	VI	0.04
25.	एच.सी.एफ.सी.—122	ट्राइक्लोरोडाइफ्लोरोएथैन ($C_2HCl_3F_2$)	VI	0.08
26.	एच.सी.एफ.सी.—123	2, 2-ड्राइक्लोरो—1,1,1 ट्राइफ्लोरोएथैन ($CHCl_2CF_3$)	VI	0.06
27.	एच.सी.एफ.सी.—123क	1.2 डाइक्लोरो—1,1,2 ट्राइफ्लोरोएथैन ($CHClFCClF_2$)	VI	0.02
28.	एच.सी.एफ.सी.—124	2—क्लोरो—1,1,1,2—ट्राइफ्लोरोएथैन (C_2HClF_4)	VI	0.04
29.	एच.सी.एफ.सी.—124क	2—क्लोरो—1,1,2, 2—ट्राइफ्लोरोएथैन ($CHClFCF_3$)	VI	0.022
30.	एच.सी.एफ.सी.—131	डाइक्लोरोफ्लोरोएथैन ($C_2H_2Cl_2F$)	VI	0.05
31.	एच.सी.एफ.सी.—132	डाइक्लोरोडाइफ्लोरोएथैन ($C_2H_2Cl_2F_2$)	VI	0.05
32.	एच.सी.एफ.सी.—133	क्लोराट्राइफ्लोरोएथैन ($C_2H_2ClF_3$)	VI	0.06
33.	एच.सी.एफ.सी.—141	डाइक्लोरोफ्लोरोएथैन ($C_2H_3Cl_2F$)	VI	0.07
34.	एच.सी.एफ.सी.—141 ख	1, 1—डाइक्लोरो—1 फ्लोरोएथैन (CH_3CCl_2F)	VI	0.11

IndiaCode

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
35.	एच.सी.एफ.सी.—142	क्लोरोडाइफ्लोरोएथैन (सी, एच, एफ, सीएल)	VI	0.07
36.	एच.सी.एफ.सी.—142 ख	1—क्लोरो—1,1 डाइफ्लोरोएथैन (सी एच, सी एफ, सीएल)	VI	0.065
37.	एच.सी.एफ.सी.—151	क्लोरोफ्लोरोएथैन (सी, एच, एफ सीएल)	VI	0.005
38.	एच.सी.एफ.सी.—221	हैक्साक्लोरोफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच एफ सीएल,)	VI	0.07
39.	एच.सी.एफ.सी.—222	पेन्टाक्लोरोडाइफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच एफ, सीएल,)	VI	0.09
40.	एच. सी. एफ. सी.—223	टेट्राक्लोरोट्राइफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच एफ, सीएल,)	VI	0.08
41.	एच. सी. एफ. सी.—224	ट्राइक्लोरोटैट्राफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच एफ, सीएल,)	VI	0.09
42.	एच. सी. एफ. सी.—225	डाइक्लोरोपेन्टाफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच एफ, सीएल,)	VI	0.07
43.	एच. सी. एफ. सी.—225सीए	1, 3—डाइक्लोरो—1, 2, 2, 3, 3—पेन्टाफ्लोरोप्रोपेन (सी एफ, सीएफ, सी एच सीएल,)	VI	0.025
44.	एच. सी. एफ. सी.—225 सीबी	1,3—डाइक्लोरो—1, 2, 2, 3, 3—पेन्टाफ्लोरोप्रोपेन (सी एफ, सी एल सी एफ, सी एच सीएल एफ)	VI	0.033
45.	एच. सी. एफ. सी.—226	क्लोरोहेक्साफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच एफ, सीएल)	VI	0.10
46.	एच. सी. एफ. सी.—231	पेन्टाक्लोरोफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ सीएल,)	VI	0.09
47.	एच. सी. एफ. सी.—232	ट्राइक्लोरोडाइफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ, सीएल,)	VI	0.10
48.	एच. सी. एफ. सी.—233	ट्राइक्लोरोट्राइफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ, सीएल,)	VI	0.23
49.	एच. सी. एफ. सी.—234	डाइक्लोरोटेट्राफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ, सीएल,)	VI	0.28
50.	एच. सी. एफ. सी.—235	क्लोरोपेन्टाफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ, सीएल)	VI	0.52
51.	एच. सी. एफ. सी.—241	टैट्राक्लोरोफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ सीएल,)	VI	0.09

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
52.	एच. सी. एफ. सी.—242	ट्राइक्लोरोफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ, सीएल,)	VI	0.13
53.	एच. सी. एफ. सी.—243	डाइक्लोरोट्राइफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ, सीएल,)	VI	0.12
54.	एच. सी. एफ. सी.—244	क्लोरोटैट्राफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ, सीएल)	VI	0.14
55.	एच. सी. एफ. सी.—251	ट्राइक्लोरोफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ सीएल,)	VI	0.01
56.	एच. सी. एफ. सी.—252	डाइक्लोरोडाइफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ, सीएल,)	VI	0.04
57.	एच. सी. एफ. सी.—253	क्लोरोट्राइफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ, सीएल	VI	0.03
58.	एच. सी. एफ. सी.—261	डाइक्लोरोफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ सीएल,)	VI	0.02
59.	एच. सी. एफ. सी.—262	क्लोरोडाइफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ, सीएल)	VI	0.02
60.	एच. सी. एफ. सी.—271	क्लोरोफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ सीएल)	VI	0.03
61.	बी. एफ. सी.—21बी2	डाइक्रोमोफ्लोरो मेथेन (सी एच एफ बी आर,)	VII	1.00
62.	एच. बी. एफ. सी.—22बी1	ब्रोमोडाइफ्लोरोमेथेन (सी एच एफ, बी आर)	VII	0.74
63.		ब्रोमोफ्लोरोमेथेन (सी एच, एफ बी आर)	VII	0.73
64.		टैट्राक्रोमोफ्लोरोएथेन (सी, एच एफ बी आर,)	VII	0.8
65.		ट्राइक्रोमोडाइफ्लोरोएथेन (सी, एच एफ, बी आर,)	VII	1.8
66.	एच. बी. एफ. सी.—123बी2 एच. बी. एफ. सी.—123एबी2	डाइक्रोमोट्राइफ्लोरोएथेन (सी, एच एफ बी आर,)	VII	1.6
67.	एच. बी. एफ. सी.—124बी1	ब्रोमोटैट्राफ्लोरोएथेन (सी, एच एफ, बी आर)	VII	1.2
68.		ट्राइक्रोमोफ्लोरोएथेन (सी, एच, एफ बी आर,)	VII	1.1
69.		डाइक्रोमोडाइफ्लोरोएथेन (सी, एच, एफ, बी आर,)	VII	1.5
70.		ब्रोमोट्राइफ्लोरोएथेन (सी, एच, एफ, बी आर)	VII	1.6

IndiaCode

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
71.		डाइबरोमोफ्लोरोएथैन (सी, एच, एफ बी आर,)	VII	1.7
72.	एच. बी. एफ. सी.—124 बी,	बरोमोडाइफ्लोरोएथैन (सी, एच, एफ, बी आर)	VII	1.1
73.	एच. बी. एफ. सी.—124बी,	बरोमोफ्लोरोएथैन (सी, एच, एफ बी आर)	VII	0.1
74.		हैक्साबरोमोफ्लोरोएथैन (सी, एच एफ बी, आर,)	VII	1.5
75.		पेन्टाबरोमोडाइफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच एफ, बी आर,)	VII	1.9
76.		टैट्राबरामोफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच एफ, बी आर,)	VII	1.8
77.		ट्राइबरोमोटैट्राफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच एफ, बी आर,)	VII	2.2
78.		डाइबरोमोपेन्टाफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच एफ, बी आर,)	VII	2.0
79.		बरोमोहैक्साफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच एफ, बी आर)	VII	3.3
80.		पेन्टाबरोमोफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ बी आर,)	VII	1.9
81.		टैट्राबरोमोडाइफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ, बी आर,)	VII	2.1
82.		ट्राइबरोमोट्राइफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ, बी आर,)	VII	5.6
83.		डाइबरोमोटैट्राफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ, बी आर,)	VII	7.5
84.		बरोमोपेन्टाफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ, बी आर)	VII	1.4
85.		टैट्राबरोमोफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ बी आर,)	VII	1.9
86.		ट्राइबरोमोडाइफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ, बी आर,)	VII	3.1
87.		डाइबरोमोट्राइफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ, बी आर,)	VII	2.5
88.		बरोमोटैट्राफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ, बी आर)	VII	4.4

IndiaCode

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
89.		ट्राइबरोमोफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ बी आर,)	VII	0.3
90.		डाइबरोमोडाइफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ, बी आर,)	VII	1.0
91.		बरोमोट्राइफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ, बी आर)	VII	0.8
92.		डाइबरोमोफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ बी आर,)	VII	1.4
93.		बरोमोडाइफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ, बी आर)	VII	0.8
94.		बरोमोफ्लोरोप्रोपेन (सी, एच, एफ बी आर)	VII	0.7
95.		मिथायल बरोमाइड (सी एच, बी आर)	VII	0.6

अनुसूची 2

[नियम 2 (ग), 3(1), 5(2) और 9 देखिए]

ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के समूह के उत्पादन और उपभोग का विनियमन

क्रम सं.	ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के समूह का नाम	आधारिक स्तर से संबंधित वर्ष	सम्पूर्ण समूह का बारह मास की अवधि में आधारिक स्तर की प्रतिशतता के रूप में अधिकतम अनुज्ञेय उत्पादन
(1)	(2)	(3)	(4)
1क	II	1995—1997	110
ख	II	1995—1997	60
ग	II	1995—1997	0
2क	IV	1998—2000	25
ख	IV	1998—2000	0
3क	V	1998—2000	1105
ख	V	1998—2000	80
ग	V	1998—2000	40
घ	V	1998—2000	0
4क	VI	2015↑—2016*	1105
ख	VI	2015	0
5	VII	0	0
6क	VIII	1995—1998	110
ख	VIII	1995—1998	80
ग	VIII	1995—1998	0

*अनुसूची 1 के हाइड्रोक्लोरो फ्लुओरो कार्बनों (समूह 6 के अधीन ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ) के उत्पादन और उपभोग के लिए निर्धारण वर्ष।

↑ सभी समूह 6 पदार्थों के लिए 2015 आधारिक स्तर हैं।

IndiaCode

संपूर्ण समूह के लिए आधारिक वर्षों का परिकलित उपभोग प्रतिशतता के रूप में बारह मास की अवधि के लिए अधिकतम अनुज्ञेय उपभोग	स्तम्भ (4) और स्तम्भ (5) मे संबंधित तारीख	ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के उत्पादक को क्षमताओं के सृजन पर पाबंदी	ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों से बने या उनमें युक्त उत्पादों के विनिर्माण के लिए नई क्षमताओं के सृजन पर पाबंदी
5	6	7	8
100	1-1-2002	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे
50	1-1-2005	—	—
0	1-1-2010	—	—
15	1-1-2005**	—	—
15	1-1-2010	—	—
150	1-1-2003	—	—
70	1-1-2005	—	—
30	1-1-2010	—	—
0	1-1-2015	—	—
100	1-1-2016	—	—
0	1-1-2040*	—	—
100	1-1-2002	—	—
80	1-1-2005	—	—
0	1-1-2015	—	1-1-2015

* अनुसूची 1 के हाइड्रोक्लोरो फ्लुओरो कार्बनों (समूह 6 के अधीन ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ) के उत्पादन और उपभोग के लिए निर्धारित वर्ष।

** संभव आवश्यक उपभोग छूट के साथ।

IndiaCode

अनुसूची 3

[नियम 2 (ग.), 3(2), (3), 5(3), 9(1) और 2 देखें]

अनुसूची 1 के स्तंभ 4 में विनिर्दिष्ट ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के समूह I और समूह III के उत्पादन और उपभोग का विनियमन

क्रम सं.	ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के समूह का नाम	आधारिक स्तर* से संबंधित वर्ष	समूह (संपूर्ण रूप से) के लिए बारह मास की किसी अवधि में अधिकतम अनुज्ञेय उत्पादन (मि.ट.)	संपूर्ण समूह के लिए आधारिक वर्षों में परिकलित स्तर के उपभोग की प्रतिशतता के रूप में बारह मास की किसी अवधि में अधिकतम अनुज्ञेय उपभोग	स्तंभ 4 और 5 से संबंधित तारीख	ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के उत्पादन की क्षमताओं के सृजन पर पाबंदी	ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों से युक्त या उनसे बनाए गए उत्पादों के विनिर्माण की नई क्षमताओं के सृजन पर पाबंदी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	I	1995-97	20.706	90%	31-12-2000	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे
	III	1998-2000	—				
2	I	1995-97	18.824	83%	31-12-2001	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे
	III	1998-2000	—				
3	I	1995-97	16.941	75%	31-12-2002	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे
	III	1998-2000	—				
4	I	1995-97	15.058	66%	31-12-2003	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे
	III	1998-2000	—				
5	I	1995-97	13.176	58%	31-12-2004	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे
	III	1998-2000	—				
6	I	1995-97	11.294	50%	31-12-2005	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे
	III	1998-2000	—				
7	I	1995-97	7.342	33%	31-12-2006	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे
	III	1998-2000	—				
8	I	1995-97	3.389	15%	31-12-2007	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे
	III	1998-2000	—				
9	I	1995-97	2.259	10%	31-12-2008	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे
	III	1998-2000	—				
10	I	1995-97	1.130	10%	31-12-2009	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे	वह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे
	III	1998-2000	—				
11	I	1995-97			1-12-2010 के पश्चात्	यह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे	यह तारीख जब यह नियम प्रवृत्त होंगे
	III	1998-2000	—				

*किसी ऐसे क्लोरो फ्लोरो कार्बन उत्पादन/उपभोग के सिवाय, जिसके लिए पक्षकार, भारत में आवश्यक उपयोगों को पूरा करने के लिए सहमत हुए हैं।

IndiaCode

अनुसूची 4

[नियम 6(1), 7, 8(1), (2), (3), (4) और (5), 9(3), 10(3) देखें]

ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के उपभोग का अंतिम उपयोग के आधार पर विनियमन

क्रम सं	क्रियाकलापों का नाम	ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के समूह का नाम	फेज आउट तारीख*
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	एयरोसोल उत्पादों या दाबीकृत डिस्पेन्सरों (औषधीय उद्देश्यों के लिए मीटरर्ड डोस इनहेलर के अलावा) का विनिर्माण	समूह I	1-1-2003
2.	फेन उत्पादों के लिए पोलाइओल का विनिर्माण	समूह I	1-1-2003
3.	केन उत्पादों घरेलू रेफ्रिजरेटरों के केन भाग सहित का विनिर्माण	समूह I	1-1-2003
4.	अग्निशमकों या अग्निशमक यंत्रों का विनिर्माण	समूह II	1-1-2001**
5.	गतिशील वातानुकूलन यंत्रों का विनिर्माण और आटोमोबाइल उद्योग पर प्रभार	समूह I	1-1-2003
6.	अन्य प्रशीतन और वातानुकूलन उत्पादों (संपोडित्रों के अलावा) का विनिर्माण	समूह I	1-1-2003
7.	विभिन्न उत्पादों का विनिर्माण	समूह I, III, IV और V	1-1-2010
8.	अग्निशमकों और अग्निशमक यंत्रों की सर्विसिंग	समूह II	1-2010**
9.	औषधीय उद्देश्यों के लिए मीटरर्ड डोस इनहेलर्स का विनिर्माण	समूह I	1-1-2010
10.	विभिन्न उत्पादों का विनिर्माण	समूह VI	1-1-2040
11.	पोल लदान पूर्व या करंतीन के सिवाय मिथायल ब्रोमाइड का उपयोग	समूह VII	1-12-2015

* ऐसे व्यक्ति या उद्यम के लिए जिसने गैर ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ तकनीक में परिवर्तन के लिए या गैर ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ तकनीक के साथ नई क्षमता की स्थापना या विस्तार के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त की है, फेज आउट तारीख वह तारीख होगी जो परिवर्तन परियोजना के पूर्ण होने की है या अनुसूची 4 के स्तंभ (4) में दी गई है, इनमें से जो भी पूर्णतर हो।

अनुसूची 5

[नियम 2(ख), 3(1), 6(1), 7, 8(1), (2),(5), और (6), 11(1), (2), 12(1), 13(5) देखिए]

प्राधिकारी, उनके कार्यों और उनके रजिस्ट्रीकरण की अंतिम तारीख की सूची

भाग-I अनुसूची 1 के समूह VIII से भिन्न ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के लिए

क्रम सं.	नियम सं.	कार्य	प्राधिकारी का नाम	रजिस्ट्रीकरण की अंतिम तारीख	अपील प्राधिकारी का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	3 (1)	ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के उत्पादों का रजिस्ट्रीकरण	पर्यावरण और वन मंत्रालय का ऐसा अधिकारी जो उपसचिव के पद से नीचे का न हो	इन नियमों के प्रारंभ के तीन मास पश्चात्	सचिव पर्यावरण और वन मंत्रालय
2.	3,4,5,10 (1), (10), (2)	ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों और ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों	विदेश व्यापार का महानिदेशक	—	—

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
		से युक्त या बनाये गये उत्पादों के आयात/ निर्यात की अनुज्ञप्ति			
3.	6 (1)	ओजोन अवक्षयकारी/ पदार्थों के व्यापारियों/ व्यौहारियों/थोक विक्रेताओं/विक्रेताओं का रजिस्ट्रीकरण	(i) यदि ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ का उत्पादन भारत में हो रहा है, तो विशिष्ट उत्पादक का ऐसा अधिकारी जो प्रबंधक के पद से नीचे का न हो (ii) यदि ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ का आयात हो रहा है तो विशिष्ट आयातकर्त्ता का ऐसा अधिकारी जो प्रबंधक के पद से नीचे का न हो	इन नियमों के प्रारंभ के एक वर्ष पश्चात्	पर्यावरण और वन मंत्रालय का ऐसा अधिकारी जो उप-सचिव के पद से नीचे का न हो
4.	8 (1)	अनुसूची 4 के स्तंभ (2) में विनिर्दिष्ट क्रियाकलापों में संलग्न व्यक्तियों/ उद्यमों (जिनका पूंजी विनिधान का रजिस्ट्रीकरण 1 करोड़ से कम हो)	लघु उद्योग, कृषि और ग्रामीण उद्योग मंत्रालय के अधीन लघु उद्योग विकास संगठन के अन्तर्गत अपनी-अपनी अधिकारिता वाले लघु उद्योग सेवाएं	इन नियमों के प्रारंभ के एक वर्ष पश्चात्	पर्यावरण और वन मंत्रालय का ऐसा अधिकारी जो उप सचिव के पद से नीचे का न हो
		अनुसूची 4 के स्तंभ (2) में क्रियाकलापों में संलग्न व्यक्तियों/ उद्यमों का रजिस्ट्रीकरण (जिनका पूंजी विनिधान 1 करोड़ से अधिक है।)	संस्थान के कार्यालयों का प्रभारी अधिकारी पर्यावरण और वन मंत्रालय का ऐसा अधिकारी जो उप सचिव के पद से नीचे का न हो	इन नियमों के प्रारंभ के एक वर्ष पश्चात्	पर्यावरण और वन मंत्रालय का सचिव
5.	11(1)	ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों का पुनर्दावा करने की सुविधा रखने वाले व्यक्तियों का रजिस्ट्रीकरण	लघु उद्योग, कृषि और ग्रामीण उद्योग मंत्रालय के अधीन लघु उद्योग विकास संगठन के अन्तर्गत अपनी-अपनी अधिकारिता वाले लघु उद्योग सेवाएं संस्थान के कार्यालयों का प्रभारी अधिकारी।	इन नियमों के प्रारंभ के एक वर्ष पश्चात्	पर्यावरण और वन मंत्रालय का ऐसा अधिकारी जो उपसचिव के पद से नीचे का न हो

IndiaCode

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
	6. 11 (2)	आजोन अवक्षयकारी पदार्थों का नष्ट करने की सुविधा रखने वाले व्यक्तियों का रजिस्ट्रीकरण	लघु उद्योग, कृषि और ग्रामीण उद्योग मंत्रालय के अधीन लघु उद्योग विकास संगठन के अन्तर्गत अपनी-अपनी अधिकारिता वाले लघु उद्योग सेवाएं संस्थान के कार्यालयों का प्रभारी अधिकारी।	इन नियमों के प्रारंभ के एक वर्ष के पश्चात्	पर्यावरण और वन मंत्रालय का ऐसा अधिकारी जो उपसचिव के पद से नीचे का न हो
	7. 12	संपीडित्रों के विनिर्मातओं, आयातकर्त्ताओं और निर्यातकर्त्ताओं (जिनका पूंजी विनिधान 1 करोड़ रु. से कम हो) का रजिस्ट्रीकरण	लघु उद्योग, कृषि और ग्रामीण उद्योग मंत्रालय के अधीन अपनी-अपनी अधिकारिता वाले लघु उद्योग सेवाएं संस्थान के कार्यालयों का प्रभारी अधिकारी।	इन नियमों के प्रारंभ के एक वर्ष के पश्चात्	पर्यावरण और वन मंत्रालय का ऐसा अधिकारी जो उपसचिव के पद से नीचे का न हो
		संपीडित्रों के विनिर्माताओं, आयातकर्त्ताओं और निर्यातकर्त्ताओं (जिनका पूंजी विनिधान 1 करोड़ रु. से अधिक है) का रजिस्ट्रीकरण	पर्यावरण और वन मंत्रालय का ऐसा अधिकारी जो उपसचिव से कम रैंक का न हो	इन नियमों के प्रारंभ के एक वर्ष के पश्चात्	सचिव, पर्यावरण और वन मंत्रालय

भाग-II अनुसूची 1 के समूह-VIII ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के लिए

क्रम सं.	नियम सं.	कार्य	प्राधिकारी का नाम	रजिस्ट्रीकरण की अंतिम तारीख	अपील प्राधिकारी का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	3 (1) 6 (1) 8 (1) 11 (1)	रजिस्ट्रीकरण	कीटनाशी अधिनियम, 1968 (1968 का 46) में यथा-विनिर्दिष्ट	कीटनाशी अधिनियम, 1968 (1968 का 46) में यथाविनिर्दिष्ट	कीटनाशी अधिनियम, 1968 (1968 का 46) में यथाविनिर्दिष्ट

अनुसूची-6

[नियम 4, 5 (1) देखिए]

मानट्रियल प्रोटोकाल, 1987 में पक्षकार देशों की सूची

भाग—1

मानट्रियल प्रोटोकॉल के अनुच्छेद 5 के पैरा 1 के अधीन कार्य करने वाले के रूप में वर्गीकृत पक्षकारों की सूची

क्रम सं.	देश का नाम
(1)	(2)
1.	अल्जीरिया
2.	अंटीगुआ और बारबुडा
3.	अर्जेन्टीना
4.	बहामास
5.	बेहरीन
6.	बंगला देश
7.	बारबाडोस
8.	बेलिज़
9.	बेनिन
10.	बोलिविया
11.	बोसनिया और हर्जेगोविना
12.	बोत्सवाना
13.	ब्राजील
14.	ब्रुनेई दारुस्सलम
15.	बुरकीना फासो
16.	बुरुण्डी
17.	कैमरून
18.	मध्य अफ्रीकन गणराज्य
19.	चाड
20.	चिली
21.	चीन
22.	कोलम्बिया
23.	कोमोरोस
24.	कांगो
25.	कांगो लोकतंत्रात्मक गणराज्य
26.	कोस्टा रीका
27.	कोट आइवरी

(1)	(2)
28.	क्रोएशिया
29.	क्यूबा
30.	साइप्रस
31.	डोमीनिका
32.	डोमीनिकन गणराज्य
33.	इक्वेडर
34.	मिस्र
35.	एल सालवाडोर
36.	इथिओपिया
37.	फिजी
38.	गेबोन
39.	गाम्बिया
40.	जिओरजिया
41.	घाना
42.	ग्रेनाडा
43.	गुआटेमाला
44.	गुआनिया
45.	गुआना
46.	होनडुरस
47.	भारत
48.	इन्डोनेशिया
49.	इस्लामी गणराज्य इरान
50.	जमाइका
51.	जार्डन
52.	कीनिया
53.	किरीबाती
54.	कोरिया लोकतंत्रात्मक गणराज्य
55.	कोरिया गणराज्य
56.	कुवैत
57.	लाओ लोकतंत्रात्मक गणराज्य
58.	लेबनान
59.	लेसोथो
60.	अरब जमहारिया लीबिया
61.	मडगास्कर
62.	मालावी
63.	मलेशिया
64.	मालदीव
65.	माली

IndiaCode

(1)	(2)
66.	माल्टा
67.	मारीशानिया
68.	मारिशस
69.	मैक्सिको
70.	मोलडोवा
71.	मोन्गोलिया
72.	मोरक्को
73.	मोजाम्बिक
74.	म्यामार
75.	नामीबिया
76.	नेपाल
77.	निकारागुआ
78.	नाइजर
79.	ओमन
80.	नाइजीरिया
81.	पाकिस्तान
82.	पनामा
83.	पप्युआ न्यू गुआनिया
84.	पारगे
85.	पेरू
86.	फिलीपींस
87.	कतर
88.	रूमानिया
89.	सैंट किट्स तथा नेविस
90.	सेंट लूसिया
91.	सेंट विन्सेर एण्ड दी ग्रेनाडाइन्स
92.	सामोआ
93.	साउदी अरब
94.	सेनेगल
95.	सैशल्स
96.	सिंगापुर
97.	सलोवेनिया
98.	सोलोमन द्वीप
99.	दक्षिण अफ्रीका
100.	श्री लंका
101.	सुडान
102.	स्वाजिलैण्ड
103.	सीरियन अरब गणराज्य
104.	तंजानिया संयुक्त गणराज्य
105.	थाइलैण्ड
106.	भूतपूर्व मेसेडोनिया यूगोस्लाक गणराज्य
107.	टोगो
108.	त्रिनीदाद और टोबागो
109.	ट्यूनीशिया
110.	तर्की
111.	युगान्डा
112.	संयुक्त अरब अमीरात
113.	उरूग्वे
114.	वेनेजुएला
115.	यमन
116.	वियतनाम
117.	युगोस्लाविया
118.	जाम्बिया
119.	जिम्बावे

भाग—2

मानट्रियल प्रोटोकाल के अनुच्छेद 5 के पैरा 1 के अधीन अस्थाई रूप से कार्य करने वाले के रूप में वर्गीकृत पक्षकारों की सूची

(1)	(2)
1.	अल्बानिया
2.	डजीबौटी
3.	मिक्रोनेशिया परिसंघीय राज्य
4.	लीबेरिया
5.	मार्शल द्वीप समूह
6.	सुरीनम
7.	टोंगा
8.	टुवालु
9.	वानुआटु

भाग—3

मानट्रियल प्रोटोकाल के अनुच्छेद 2 के अधीन वर्गीकृत पक्षकारों की सूची

(1)	(2)
1.	आस्ट्रेलिया
2.	आस्ट्रिया
3.	अजरबाईजान
4.	बेलारूस
5.	बेल्जियम
6.	बरूनी दारू सालम
7.	बुल्गारिया
8.	कनाडा
9.	चेक गणराज्य
10.	डेनमार्क
11.	इक्विटोरियल गुआनिया
12.	एस्टोनिया
13.	फिनलैण्ड
14.	फ्रांस
15.	जोर्जिया
16.	जर्मनी

IndiaCode

(1)	(2)
17.	ग्रीस
18.	हंगरी
19.	आइसलैण्ड
20.	आयरलैण्ड
21.	इज़रायल
22.	इटली
23.	जापान
24.	लातविया
25.	लीचटेन्स्टीन
26.	लिथुआनिया
27.	लक्जमबर्ग
28.	मोनाको
29.	नीदरलैण्डस
30.	न्यूजीलैण्ड
31.	नार्वे
32.	पोलैण्ड
33.	पुर्तगाल
34.	रूसी परिसंघ
35.	सलोवाकिया
36.	स्पेन
37.	स्वीडन
38.	स्वीटजरलैण्ड
39.	तजाकिस्तान
40.	तुर्कमानिस्तान
41.	यूक्रेन
42.	यूनाइटिड किंगडम
43.	यू. एस. ए. (संयुक्त राज्य अमरीका)
44.	उज्बेकिस्तान
45.	यूरोपियन समुदाय

अनुसूची—7

[नियम 10 (1), (2) देखें]

ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों से युक्त उत्पादों के आयात और निर्यात का विनियमन

क्रम. सं.	उत्पाद का नाम	ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के समूह का नाम	वह तारीख जिसको आयात का विनियमन प्रभावी होता है	वह तारीख जिसको निर्यात का विनियमन प्रभावी होता है
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	मोटर गाड़ी और ट्रक वातानुकूलन इकाइयां (चाहे वह यान में सम्मिलित की गई हैं या नहीं)	समूह-I	इन नियमों के प्रवृत्त होने के छह मास पश्चात्	इन नियमों के प्रवृत्त होने के छह मास पश्चात्
2.	घरेलू और वाणिज्यिक प्रशीतन और वातानुकूलन/ताप पंप उपस्कर उदाहरण —प्रशीतित —हिमीकरण यंत्र —निरार्द्रीकारक —जल शीतल यंत्र —हिम यंत्र —वातानुकूलन और ताप पंप इकाइयां —संघीडित्र	समूह-I समूह-VI	—उपरोक्त—	—उपरोक्त—
3.	एअरोसोल उत्पाद सिवाए औषधीय एयरोसोल	समूह-I	—उपरोक्त—	—उपरोक्त—
4.	सुवाह्य अग्निशमक यंत्र/सिस्टम सिलिण्डर	समूह-II	—उपरोक्त—	—उपरोक्त—
5.	विद्युत रोधी पट्ट, प्रपट्ट और नलिका आवरण	समूह-I	—उपरोक्त—	—उपरोक्त—
6.	पूर्व-बहुलक	समूह-I समूह-VI	—उपरोक्त—	—उपरोक्त—

टिप्पण :—1. अनुक्रम 2, स्तम्भ 2 के उत्पादों में जिसमें उन उत्पादों के विद्युत रोधी पदार्थ भी अंतर्विष्ट हैं।

2. ऊपर उल्लिखित सभी उत्पाद यदि व्यक्तिगत या गृहस्थी के चीजवस्तु के लिए या ऐसी अवाणिज्यिक परिस्थितियों में, जिन्हें, सामान्यतः सीमा शुल्क से छूट प्राप्त है, परेषण में परिवहन किए जाते हैं। इस अनुसूची के कार्यक्षेत्र से प्रदर्शित है।

अनुसूची-8

(नियम 15 देखिए)

छूट

(i) अनुसूची 1 के समूह 8 के अन्तर्गत आने वाले ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ कारतीन और पोतलदान पूर्व उपयोजनों में मिथाएल ब्रोमाइड का उपयोग।

(ii) ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ, जिनका उपयोग निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए प्रयोगशाला में या विश्लेषणीय प्रयोजनों के लिए किया जाता है;

(क) प्रयोगशाला उपयोगों में उपस्कर अंश शोधन भी हैं, जैसे वित्तायक निष्कर्षणों, तनुकारकों या रासायनिक विश्लेषण जैविक अनुसंधान वाहकों, रासायनिक प्रतिक्रियाओं, अक्रिय वितायकों के लिए एक वाहक के रूप में या प्रयोगशाला रसायन और अन्य निर्णायक विश्लेषणात्मक तथा प्रयोगशाला प्रयोजनों के लिए उपयोग करना;

(ख) ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ निम्नलिखित शुद्धियों के अनुरूप विनिर्मित होने चाहिए :—

सी टी सी (रीजेंट ग्रेड)		99.5
1. 1. 1-ट्रिक्लोरोएन		99.0
सी एफ सी-11		99.5
सी एफ सी-13		99.5
सी एफ सी-12		99.5
सी एफ सी-113		99.5
सी एफ सी- 114		99.5
अन्य जल/क्वथनांक	पी> 20 सेंटीग्रेड	99.5
अन्य जल/क्वथनांक	पी< 20 सेंटीग्रेड	99.0

(ग) इन शुद्ध ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों को तदुपरि विनिर्माताओं, अभिकर्ताओं या वितरकों द्वारा अन्य रसायनों के साथ मिलाया जा सकेगा जैसा कि प्रयोगशाला और विश्लेषणात्मक उपयोगों के लिए रूढ़िजन्य हो।

(घ) इन उच्च शुद्धता वाले ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों और ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों वाले मिश्रणों का प्रदाय केवल पुनः बंद किए जाने वाले आधानों या तीन लीटर या दस मिलीलीटर से छोटे उच्च दाब वाले सिलण्डरों में या कांच के छोटे एम्प्यूलों में किया जाएगा जिन पर स्पष्टतया लिखा होगा कि यह प्रयोगशाला उपयोग और विश्लेषणात्मक प्रयोजनों के लिए निबंधित है तथा यह भी विनिर्दिष्ट किया जाएगा कि उपयोग की गई या अधिशेष ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों को यदि व्यवहार्य हो तो संग्रहीत या पुनर्चक्रित किया जाना चाहिए। ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों का पुनर्चक्रण यदि व्यवहार्य न हो तो उसे नष्ट कर दिया जाना चाहिए।

**आवश्यक उपयोग पेनल द्वारा प्रमाणित आवश्यक उपयोग को छोड़कर।

(iii) अनुसूची 1, समूह 4 के ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों का आयात, निर्यात और उत्पादन, यदि ऐसा आयात और उत्पादन अनुसूची 1 के समूह 1 में विनिर्दिष्ट ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के विनिर्माण में उपयोग के लिए है तो यह खपत की परिभाषा में सम्मिलित नहीं है।

(iv) किसी बरामद किए गए या उपयोगी बनाए गए ओजोन अवक्षकारी पदार्थ का आयात और निर्यात, खपत की परिभाषा में सम्मिलित नहीं है।

(v) ऐसे उत्पादों के जिन्हें कम से कम एक वर्ष तक उपयोग किया गया है वाणिज्येतर विक्रय को नियम 10 का उपनियम (1) लागू नहीं होता।

(vi) लंकहित में ऐसा कोई नियम जिसे केंद्रीय सरकार का विनिर्दिष्ट अनुमोदन प्राप्त है।

(vii) अनुसूची 1 के समूह 2 पदार्थों का रक्षावायुयान, युद्ध टैंक और विमानन उद्योगों जैसे आवश्यक क्रिटिकल उपयोजन के लिए उपयोग, आवश्यक उपयोग पेनल द्वारा प्रमाणित किया जाना।

अनुसूची 9

[नियम 13 (1), 18 (6) देखें]

भाग-1

रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रक्रिया

1. नियम 3 के उपनियम (1) के अधीन ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के उत्पादकों के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन अनुसूची 11 के प्ररूप 9 में किया जाएगा।

2. नियम 6(1) के अधीन ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के विक्रेताओं के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन अनुसूची 11 के प्ररूप 10 में किया जाएगा।

3. नियम 8(1) के अधीन व्यक्तियों के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन अनुसूची 11 के प्ररूप 11 में किया जाएगा।

4. नियम 11(1) के अधीन ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों का पुनरुद्धार करने वाले व्यक्तियों के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन अनुसूची 11 के प्ररूप 14 में किया जाएगा।

5. नियम 11(2) के अधीन ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों को नष्ट करने वाले व्यक्तियों के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन अनुसूची 11 के प्ररूप 14 में किया जाएगा।

6. संपीड़कों का विनिर्माण करने, आयात करने या निर्यात करने वाले व्यक्तियों के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन के अनुसूची 11 के प्ररूप 13 में किया जाएगा।

7. रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी द्वारा रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र ऐसे व्यक्तियों को जारी किया जाएगा जो इन नियमों के अनुसार रजिस्ट्रीकृत हुए हैं।

8. रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र में निम्नलिखित जानकारी अंतर्विष्ट होगी :—

(क) रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी का नाम

IndiaCode

(ख) रजिस्ट्रीकरण सं.

(ग) रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन में अंतर्विष्ट जानकारी (अनुलग्नकों के सिवाय)

(घ) रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी के हस्ताक्षर और मुद्रा

भाग-2

रजिस्ट्रीकरण/नवीकरण की शर्तें

1. "रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र" "रजिस्ट्रीकृत कार्यालयों" में रखा जाएगा, और अनुरोध किए जाने पर, किसी युक्तियुक्त समय पर संबद्ध प्राधिकरण के किसी अधिकारी को, जो भारत सरकार के अनुभाग अधिकारी से अन्यून पंक्ति का न हो या नियम 6 के उपनियम (1) के अधीन रजिस्ट्रीकरण की बाबत संबद्ध उत्पादन उद्यम में किसी सहायक प्रबंधक को प्रस्तुत किया जाएगा।

2. यदि रजिस्ट्रीकृत किया जाने वाला व्यक्ति इन नियमों का उल्लंघन करता है तो रजिस्ट्रीकरण नहीं किया जाएगा या ऐसा रजिस्ट्रीकरण विधिमान्य नहीं रह जाएगा।

3. उपनियम 6 के उपनियम (1) के अधीन रजिस्ट्रीकरण अनुसूची 5 के स्तंभ (4) में वर्णित प्राधिकारी के वाणिज्यिक विनिश्चय के अध्यधीन होगा ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों की बाबत ऐसे रजिस्ट्रीकरण के सिवाय जो अनुसूची 1 के समूह ह में विनिर्दिष्ट है।

4. सामान्यत: ऊपर पैरा 2 के उपबंध में किसी बात के होते हुए भी रजिस्ट्रीकरण का तब तक नवीकरण नहीं किया जाएगा जब तक कि आवेदक इन नियमों के अधीन बताई गई सभी अपेक्षाओं का अनुपालन नहीं करता है।

5. इन नियमों के अधीन रजिस्ट्रीकरण की विधिमान्यता रजिस्ट्रीकरण की तारीख से 18 मास की अवधि के लिए होगी। इसका नवीकरण इसके रजिस्ट्रेशन/नवीकरण की तारीख से 12 मास के पश्चात् किसी भी समय किया जा सकेगा। यह नवीकरण जो 18 मास के लिए विधिमान्य होगा।

अनुसूची 10

[नियम 14 (1), (2), (3), (4), (5), (6) और (7) देखें]

भाग-1

अ. अभिलेखों का रखा जाना

ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के उत्पादन के संबंध में अभिलेख।

(1) निम्नलिखित प्रत्येक उत्पादन संयंत्र की बाबत तारीख सहित अभिलेख और संबंधित दस्तावेज—

(क) उत्पादित किए गए ओजोन अवक्षकारी पदार्थ की वास्तविक मात्रा;

(ख) पुनर्भरण स्टाक के रूप में प्रयुक्त प्रत्येक ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ की वास्तविक मात्रा; और

(ग) नीचे 2 (ख) और 2 (ग) में विनिर्दिष्ट जानकारी।

ओजोन अवक्षयकारी पदार्थों के विक्रय और विक्रय के लिए प्रस्ताव के संबंध में अभिलेख।

(2) निम्नलिखित की बाबत तारीख सहित और संबंधित दस्तावेज:—

(क) क्रय किए गए प्रत्येक ओजोन अवक्षयकारी पदार्थ की वास्तविक मात्रा;

